# राजस्थान करंट अफेयर्स 2025

## 21 जुलाई 2025








GK SEARCH ENGINE

Praveen Kumar Sharma



GK Search Engine

# Rajasthan Current Affairs

GET IT ON Google Play

Download App

## by GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine

Yesterday, Quiz:

## Q. मानव तस्करी पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन कहां किया जा रहा है?

**(A) जयपुर**
(B) बीकानेर
(C) अलवर
(D) इनमें से कोई नही

- *18 जुलाई को मानव तस्करी पर दो दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन जयपुर स्थित राजस्थान पुलिस अकादमी में शुरू हुआ।*
- *यह पहल राजस्थान पुलिस मुख्यालय की सिविल राइट्स और एंटी-ह्यूमन ट्रैफिकिंग शाखा द्वारा गृह मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशों के तहत की जा रही है।*
- *सम्मेलन में मुख्य रूप से बंधुआ मजदूरी, यौन तस्करी और सीमा पार तस्करी जैसे प्रमुख मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया जा रहा है।*
- *इस दो दिवसीय आयोजन का मुख्य उद्देश्य मानव तस्करी के सभी प्रमुख पहलुओं पर गहराई से विचार-विमर्श करना है*

01. राजस्थान, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश सरकार के साझे में बन रही श्रीकृष्ण गमन पथ योजना में किस देवी के मंदिर को भी शामिल किया जाएगा?

(A) नागणेच्या माता

(B) कैलादेवी

(C) जीण माता

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ राजस्थान, उत्तरप्रदेश और मध्यप्रदेश सरकार के साझे में बन रही श्रीकृष्ण गमन पथ योजना में करौली का कैलादेवी मंदिर भी जुड़ेगा।

♦प्रदेश का यह इकलौता देवी मंदिर होगा, जिसे योजना में जोड़ रहे हैं। क्योंकि कैलादेवी को श्रीकृष्ण की बहन माना गया है। स्कंद पुराण के 65वें अध्याय में इसका उल्लेख आता है। ♦इसी कारण कृष्ण गमन पथ में इसे जोड़ने का प्रस्ताव लिया है।

♦ यूपी के मथुरा से शुरू होकर राजस्थान होते हुए एमपी में उज्जैन तक श्रीकृष्ण गमन पथ बनेगा। पथ करीब 800 किमी लंबा होगा।

♦ इसमें से करीब 500 किमी का हिस्सा राजस्थान के 6 जिलों (भरतपुर, डीग, करौली, बूंदी, कोटा, झालावाड़) से होते हुए गुजरेगा

02. राजस्थान के किस जिले के प्रसिद्ध कथाकार विजय जोशी को " मुंशी प्रेमचन्द राष्ट्रीय कथा सम्मान – 2025 " प्रदान किया गया?

(a) जोधपुर

(b) कोटा

(c) बीकानेर

(d) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

♦ भव्या पब्लिकेशन संस्थान भोपाल, मध्य प्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष दिए जाने वाले राष्ट्रीय सम्मान में कोटा राजस्थान के प्रसिद्ध कथाकार विजय जोशी को उनके हिन्दी कथा साहित्य में उल्लेखनीय कार्य एवं अतुलनीय योगदान के लिए समग्र कथा – साहित्य पर " मुंशी प्रेमचन्द राष्ट्रीय कथा सम्मान – 2025 " प्रदान किया गया।

♦ 13 जुलाई 2025 को सम्मान स्वरूप कथाकार विजय जोशी को सम्मान राशि ढाई हजार रुपए, प्रशस्ति – पत्र, प्रतीक चिह्न , शाल, श्रीफल व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया

♦ समारोह में हिन्दी साहित्य की विविध विधाओं एवं शिक्षा तथा समाज सेवा के क्षेत्र में देश के ग्यारह साहित्यकार, शिक्षाविद्  एवं समाज सेवियों को सम्मानित किया गया

03. राजस्थान में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना (MAA) में वर्तमान में कुल कितने पैकेज है?

(A) 2100

(B) 1800

(C) 2300

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य (MAA) योजना में लगभग 1800 पैकेज थे, जिन्हें नई योजना में बढ़ाकर लगभग 2300 कर दिया गया है।इस स्कीम में ₹25 लाख तक का इंश्योरेंस मिलता है।

♦योजना में कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों के लिए 73 डेकेयर पैकेज एवं 419 पीडियाट्रिक पैकेज शामिल किए हैं।

♦ वर्ष 2025-26 की बजट घोषणा के अनुसार अब योजना में रोबोटिक सर्जरी, न्यूरो सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी एंड स्किन ट्रांसप्लांट, कार्डियोथोरेसिक एंड वेस्कुलर सर्जरी के पैकेज जोड़े गए हैं।

♦ मां योजना के दायरे को बढ़ाने के लिए इंटर स्टेट पोर्टेबिलिटी लागू कर दी गई है।

04. राजस्थान में किस जिले की  गौरी गुप्ता ने प्राचीन लुप्त होती भारतीय लिपियों को सीखने के लिए लिंग्वाक्वेस्ट नामक एक नया ऐप बनाया है?



(a) जोधपुर

(b) अजमेर

(c) जयपुर

(d) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦राजस्थान में जयपुर जिले की गौरी गुप्ता ने प्राचीन लुप्त होती भारतीय लिपियों को सीखने के लिए लिंग्वाक्वेस्ट नामक एक नया ऐप बनाया है

♦ जिसके जरिए बच्चे शारदा, ग्रंथ, मोडी, प्राचीन नागरी जैसी लुप्त होती भारतीय लिपियों को सीख सकेंगे।

♦ इसमें शारदा, ग्रंथ, मोडी, प्राचीन नागरी समेत कई लिपियों के लिए स्टेप-बाय-स्टेप अभ्यास, ऑडियो उच्चारण, और पांडुलिपि पढ़ने की शुरुआत शामिल है।

05. राजस्थान के सीकर जिले के छोटे से गांव रायपुरा (रानोली) की अर्चना बिलोनिया ने थाईलैंड में 12वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और बेंच प्रेस चैंपियनशिप में कौनसा पदक जीता है?

(A) कांस्य पदक

(B) रजत पदक

(C) स्वर्ण पदक

(D) इनमें से कोई नही



**Important Facts:**

➥ राजस्थान के सीकर जिले के छोटे से गांव रायपुरा (रानोली) की अर्चना बिलोनिया ने थाईलैंड के प्ट्टाया में 16 से 19 जुलाई 2025 को हुई 12वीं वर्ल्ड स्ट्रेंथ लिफ्टिंग और बेंच प्रेस चैंपियनशिप में भारत का परचम लहराया.

♦ 80+ किलोग्राम सीनियर महिला वर्ग में अर्चना ने दो स्वर्ण पदक जीतकर नया विश्व रिकॉर्ड बनाया.  इससे पहले वह पावर लिफ्टिंग में 1 स्वर्ण, 4 रजत और 5 कांस्य पदक जीत चुकी हैं. स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में उनके नाम 4 स्वर्ण और राष्ट्रीय स्तर पर 4 कांस्य पदक हैं.

♦साल 2024 में कजाकिस्तान में हुई 11वीं इंटरनेशनल वूमेन पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में उन्होंने स्ट्रेंथ लिफ्टिंग में स्वर्ण और बेंच प्रेस में रजत पदक हासिल किया था.

06. आईएसएल की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल से खेलने वाले राजस्थान के पहले फुटबॉलर है?

(A) मोहम्मद रफीक

(B) मार्तंड रैना

(C) सुभाजित बसु

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

♦ राजस्थान यूनाइटेड एफसी के मार्तंड रैना को एक करोड़ रुपए तीन साल के लिए आईएसएल की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल ने साइन किया है.

♦मार्तंड ईस्ट बंगाल से खेलने वाले राजस्थान के पहले फुटबॉलर हैं.

♦उन्हें तीन साल के लिए साइन किया गया है. अब राजस्थान यूनाइटेड एफसी से ट्रांसफर होकर वे अब ईस्ट बंगाल के लिए खेलेंगे.

**07. राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन के तहत राजस्थान ने वर्ष 2030 तक कितने गीगावॉट ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन का लक्ष्य निर्धारित किया है?**

(A) 10 गीगावॉट

(B) 4 गीगावॉट

(C) 2 गीगावॉट

(D) इनमें से कोई नही

**Important Facts:**

➥ राष्ट्रीय ग्रीन हाइड्रोजन मिशन का लक्ष्य 2030 तक 5 मिलियन मीट्रिक टन प्रति वर्ष ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन करना है, साथ ही 125 गीगावाट अक्षय ऊर्जा क्षमता का विकास करना है.

♦राजस्थान का लक्ष्य वर्ष 2030 तक 2 गीगावॉट ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन करना है

♦राजस्थान सरकार ने 2030 तक 2000 किलोटन प्रतिवर्ष (केटीपीए) ग्रीन हाइड्रोजन का उत्पादन हेतु राजस्थान ग्रीन हाइड्रोजन नीति 2023 को 16 सितंबर, 2023 को भी मंजूरी दी थी।

**08. राजस्थान में पहली बार,गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए होम बेस्ड केयर (घर पर ही देखभाल) का शुभारंभ कहां किया गया?**

(A) अजमेर

(B) पाली

(C) कोटा

(D) इनमें से कोई नही

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ राष्ट्रीय पैलिएटिव केयर कार्यक्रम के तहत एक महत्वपूर्ण और अभिनव पहल की शुरुआत पाली में की गई है।

♦पूरे राजस्थान में पहली बार,गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों के लिए होम बेस्ड केयर (घर पर ही देखभाल) का शुभारंभ मेडिकल कॉलेज पाली परिसर से किया गया है।

♦इस कार्यक्रम की शुरुआत कर कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने हरी झंडी दिखाकर एक विशेष वाहन को रवाना किया।

♦इस वाहन से प्रशिक्षित चिकित्साकर्मियों की टीम ऐसे मरीजों के घर जाकर उन्हें आवश्यक देखभाल और सहायता प्रदान करेगी

09. हाल ही में पशुधन और मुर्गीपालन को कृषि का दर्जा देने वाला पहला भारतीय राज्य कौनसा है?

(A) महाराष्ट्र

(B) राजस्थान

(C) गुजरात

(D) बैंगलुरू

GK Search Engine SUBSCRIBE Follow us:

**Important Facts:**

♦ महाराष्ट्र ने पशुधन और मुर्गीपालन को कृषि का दर्जा दिया
महाराष्ट्र पशुधन और मुर्गीपालन को कृषि का दर्जा देने वाला पहला भारतीय राज्य है।

♦इसके अंतर्गत डेयरी, मुर्गीपालन, मत्स्य पालन और छोटे जुगाली करने वाले पशुओं का पालन शामिल है।

♦यह नीति पशुपालन करने वाले किसानों को फसल उगाने वाले किसानों के बराबर लाती है।

♦पशुधन पालन करने वाले किसानों को अब कृषि विद्युत दरें सस्ती मिलेंगी।

♦महाराष्ट्र मुख्यमंत्री देवेन्द्र फड़नवीस

10. अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस हर साल कब मनाया जाता है?

(A) 20 जुलाई

(B) 17 जुलाई

(C) 15 जुलाई

(D) 18 जुलाई

**Important Facts:**

♦ अंतर्राष्ट्रीय चंद्र दिवस प्रतिवर्ष 20 जुलाई को मनाया जाता है, जिसकी घोषणा संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 2021 में (संकल्प 76/76) की गई थी।

♦यह 1969 में अपोलो 11 द्वारा पहली मानवयुक्त चंद्रमा लैंडिंग की स्मृति में मनाया जाता है।

♦पहला उत्सव 20 जुलाई, 2022 को आयोजित किया गया था।

♦20 जुलाई, 1969 को, नील आर्मस्ट्रांग और बज़ एल्ड्रिन चंद्रमा पर पहले मानव बने और आर्मस्ट्रांग के प्रसिद्ध शब्द 'द ईगल हैज लैंडेड" थे।

**Today, Quiz:**

**Q. हाल ही में पद्मश्री से सम्मानित राजस्थानी भाषा के किस प्रसिद्ध साहित्यकार का निधन हुआ है?**

(A) अर्जुन सिंह शेखावत

(B) विक्रम सिंह बिश्नोई

(C) समय सिंह चौहान

(D) इनमें से कोई नही

**राजस्थान करंट अफेयर्स 2025 Exam Booster Course**

**GK Search Engine Mobile App**

🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷 🔷

💠 **क्या मिलेगा?** 👇👇👇👇

✅ **जनवरी से दिसम्बर 2025 राजस्थान करंट अफेयर्स व्याख्या सहित (प्रतिमाह अपडेट होगा)**

🎯 **2024 का पूरा राजस्थान करंट अफेयर्स (व्याख्या सहित 1000+ Question)**

⬛ **अन्य महत्वपूर्ण परीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण Ebook**

👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇👇

https://www.gksearchengine.in/courses/616266



GK Search Engine

Today for tomorrow

GK Search Engine

SUBSCRIBE NOW

PRESS BELL ICON

Like

Share

FOLLOW ON INSTAGRAM

FOLLOW ON FACEBOOK

JOIN US ON TELEGRAM

GK Search Engine

GK Search Engine

GK Search Engine